RKL/SX/2026-27/46 July 29, 2026

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400001
Scrip Code: 532497

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)
Mumbai – 400051
Symbol: RADICO

Subject : Submission of copies of Newspaper Advertisements

Ref. : Disclosure under Regulation 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")

Dear Sir/Madam,

In continuation to our letter no. RKL/SX/2026-27/41 dated July 28, 2026, and pursuant to Regulation 30 and 47 of the Listing Regulations, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisements published today i.e. July 29, 2026, in Economics Times (English), Business Standard (English), Hindustan, Moradabad edition (Hindi) and Navbharat Times (Hindi) with respect to Statements of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2026.

The copies of newspaper advertisements are also being disseminated on the Company's website at: http://www.radicokhaitan.com/investor-relations/

This is for your information and records.

Thanking You,
For **Radico Khaitan Limited**

Dinesh Kumar Gupta
Digitally signed by Dinesh Kumar Gupta
Date: 2026.07.29 18:39:08 +05'30'

Dinesh Kumar Gupta
Senior Vice President- Legal & Company Secretary

Email ID: investor@radico.co.in
Encl.: as above

BIGGEST GROWTH BET BEYOND INDIA

Indus Towers All Set To Begin Africa Ops This Quarter

Anchor customer already on board; initial capex to be mostly debt-funded

Subhrojit.Mallick

New Horizons

NAMIBIA, ZAMBIA AND UGANDA to spearhead Africa rollout

INDIA CASH flows unlikely to be impacted by Africa expansion plans

STRONG ORDER book provides visibility for the next 3-4 quarters

5G DENSIFICATION continues to drive tower and co-location demand

EXPANDING IN-BUILDING solutions across residential and transit networks

New Delhi: Indus Towers plans to start operations in Africa this quarter, having secured the necessary regulatory approvals and operating licences in Namibia, Zambia and Uganda, senior executives said.

The passive telecom infrastructure provider sees expansion into Africa as its largest growth opportunity outside its core Indian business. This is leading the company to prioritise it over other potential business diversifications such as electric vehicle charging, data centres and smart city infrastructure.

Managing director and CEO Prachur Sah said the company has secured orders from an anchor customer, placed key supplier orders, besides initiating the partner onboarding process to commence network operations. Sah did not name the anchor customer. Indus is a subsidiary of Bharti Airtel, which has a large presence in Africa. "From day one, we have an anchor tenant that fundamentally enables us to confidently expand knowing that we have first tenant on the tower, which in our case, we would have to look for a tenant, so I think that (synergy with Airtel) is enabling us to startup much faster in Africa…," Sah said on an earnings call with analysts Tuesday.

Indus expects a single tenant on a tower in Africa to be enough to cover the cost of capital and achieve targeted returns, while adding a second tenant will provide additional operating leverage. Sah said the company is also engaging with other potential customers to build a value proposition. He did not say when it might secure a second tenant.

The management also clarified that while the company is still finalising commercial agreements, including master service agreements (MSAs) and rate cards, the initial capital expenditure in Africa over the next one to two years will be moderate compared with its spending in India and is likely to be largely debt-funded.

"For the capex investment, we are actually anticipating largely debt-funded investments in Africa," said Sah. "To that extent, the India free cash flow, we don't really expect Africa business to impact that much." He highlighted that the board of Indus has a mindset of maintaining a steady and progressive dividend going forward with the cash reserves generated by the company.

The Africa expansion comes despite strong growth potential in the Indian market, where Indus is seeing consistent tower and co-location additions driven by increasing data consumption and 5G densification by its customers, according to the company. Sah said Indus has a firm and robust order book for the next three to four quarters in India. He pointed out that the company has started installing integrated in-building solutions in residential areas, metro stations and airports, alongside macro towers and co-locations.



Radico
SPIRIT OF EXCELLENCE

Radico Khaitan Limited

CIN : L26941UP1983PLC027278

Registered Office: Rampur Distillery, Bareilly Road, Rampur - 244 901 (U.P.) Tel. : 0595-2350601/2, 0595-2350009
Corp. Off. : Plot No. J-I, Block B-I, Mohan Co-operative Industrial Area, Mathura Road, New Delhi-110044
Tel.: 011-40975444/555 Email ID : investor@radico.co.in Website: www.radicokhaitan.com

Extract of the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the Quarter ended June 30, 2026

(₹ in Crores except EPS)

Sl. No.	Particulars	Standalone				Consolidated			
		Quarter ended 30.06.2026 (Unaudited)	Quarter ended 31.03.2026 (Refer Note 4)	Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited)	Year ended 31.03.2026 (Audited)	Quarter ended 30.06.2026 (Unaudited)	Quarter ended 31.03.2026 (Refer Note 4)	Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited)	Year ended 31.03.2026 (Audited)
1.	Total income from Operations	5,873.06	5,188.12	5,318.17	20,991.83	5,869.46	5,188.12	5,314.57	20,988.23
2.	Net Profit (before Tax and Exceptional items)	301.39	232.72	184.62	819.85	304.98	237.02	181.80	821.79
3.	Net Profit before Tax (after Exceptional items)	301.39	232.72	177.62	803.30	304.98	237.02	174.81	805.23
4.	Net Profit after tax (after Exceptional items)	226.01	175.16	133.34	602.54	229.60	179.46	130.52	604.48
5.	Total Comprehensive Income for the period	225.41	176.49	132.22	600.29	228.87	181.67	129.41	603.11
6.	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 2/- per share)	26.79	26.78	26.76	26.78	26.79	26.78	26.76	26.78
7.	Other Equity (excluding Revaluation Reserve) in the audited balance sheet as at March 31, 2026.				3,223.43				3,288.95
8.	Earning per Equity Share on net profit after tax (fully paid up equity share of Rs.2/- each)								
	(a) Basic	16.88	13.08	9.96	45.01	17.15	13.41	9.75	45.16
	(b) Diluted	16.87	13.08	9.95	44.98	17.14	13.41	9.74	45.12

Notes :

1. The Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the Company for the quarter ended June 30, 2026 ("Financial Results") have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on Tuesday, July 28, 2026. The Statutory Auditors have carried out the limited review of the Financial Results. There are no qualifications in the Auditor's Limited Review Report on these Financial Results.
2. The above is an extract of detailed format of the Financial Results for the quarter ended June 30, 2026, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaid Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges (BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited) i.e www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website i.e. www.radicokhaitan.com
3. As the Company's business activity falls within a single primary business segment, namely Alcohol and Alcoholic Beverages, the disclosure requirements as per Ind-AS 108 "operating segments" are not applicable.
4. The figures for the quarter ended March 31, 2026, are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and published year to date reviewed figures for the nine months period ended December 31, 2025.
5. During the Quarter, the Company has allotted 33,417 Equity Shares to the eligible employees on exercise of Stock Options pursuant to the Company's Employee Stock Option Scheme 2006.
6. The Company has granted 60,000 Stock Options to eligible employees under the ESOP Scheme 2006 during the quarter ended June 30, 2026. Each option entitles the holder to receive on equity share of the Company with a face value of ₹ 2.00 at an exercise price of ₹ 2,838.07 per share.
7. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
8. The Complete results can also be accessed by scanning QR Code:

Revenue from Operations (Net): Rs.1,684 Crores up 11.8% y-o-y

EBITDA: Rs. 348 Crores up 50.9% y-o-y

Net Profit: Rs. 225 Crores up 70.5% y-o-y

For and on behalf of the Board
Radico Khaitan Limited
Sd./-
Dr. Lalit Khaitan
Chairman & Managing Director
DIN : 00238222

Place : New Delhi
Date : July 28, 2026

quick scroll @BS

Flipkart's Ekart opens logistics network to third party players

Flipkart group's logistics arm Ekart is opening its nationwide delivery network to third-party businesses, giving companies access to the infrastructure that powers the ecommerce giant's operations. The move will be backed by a franchise model and dedicated warehousing services to expand fulfilment across India. Ekart currently reaches more than 95 per cent of Indian pincodes across over 80 product categories. "We are now expanding access to our network through our franchise model and dedicated end-to-end fulfilment capabilities," said Mani Bhushan, chief business officer, Ekart. BS REPORTER

BlackRock, Meta partner for $14 bn data centre

Meta Platforms and the world's largest asset manager BlackRock on Tuesday announced a venture to develop and operate a data center campus in El Paso, Texas, a project that would cost about $14 billion in development. The race to build out AI infrastructure has prompted tech giants to turn to debt sales worth tens of billions of dollars and seek external capital from fund managers like BlackRock due to an unprecedented scale of investment. BlackRock-managed funds will take 80 per cent ownership in the venture, with Meta retaining the remaining 20 per cent. REUTERS

Spacetech startups raise $871 million till July

India's space technology startups, spanning launch vehicles, satellite manufacturing, propulsion systems, space situational awareness, earth observation, and downstream analytics, have raised about $871 million across 241 funding rounds involving 285 companies as of July 2026, according to Tracxn. The sector had raised just $43 million across 12 rounds in 2021, highlighting its rapid growth over the past five years. More than 60 per cent of the capital has gone to the 10 most-funded startups, led by Skyroot Aerospace with $150 million. BS REPORTER

Swiggy Instamart CEO resigns

Amitesh Kumar Jha, chief executive officer (CEO) of quick commerce platform Swiggy Instamart, tendered his resignation with immediate effect to pursue other opportunities, according to a stock exchange filing on Tuesday. In his place, former CEO of Myntra, Nandita Sinha will take charge next month, from August 03. "Nandita Sinha, shall be appointed as the CEO of Instamart and categorised as the senior managerial personnel," the filing read. In her last role at Myntra, Sinha led the platform to become one of the country's largest fashion e-commerce businesses, continuing to gain market share in a highly competitive market after achieving Ebitda profitability in 2024. With over two decades of experience, Sinha has built and scaled some of the country's leading consumer businesses. BS REPORTER

Meta's Instagram 'copyright abuse' in legal crosshairs

Seeks creation of an SIT to probe digital extortion

BHAVINI MISHRA
New Delhi, 28 July

PIL claims

- Organised cybercriminals were exploiting Instagram's copyright enforcement
- Cyberextortionists manipulate copyright reporting process by editing older posts to incorporate content originally created by others

The Delhi High Court (HC) on Tuesday sought responses from the Union government, the Delhi government, and Meta Platforms on a public interest litigation (PIL) alleging that organised cybercriminals were exploiting Instagram's copyright enforcement mechanism to extort money from digital content creators.

A Division Bench of Justices V Kameswar Rao and Manmeet Pritam Singh Arora also directed petitioner Nitin Joshi, a digital content creator, to submit his grievance electronically to Meta within a week. During the hearing, the Bench remarked that the case appeared to raise issues extending beyond an individual copyright dispute. It observed that the allegations pointed to a broader concern involving cybercrime and digital extortion.

The petition alleges that cyberextortionists manipulate Instagram's copyright reporting process by editing their older posts to incorporate content originally created by others and then claiming copyright infringement against the genuine creators.

According to the plea, repeated copyright strikes often result in the suspension of creators' accounts, after which the perpetrators allegedly demand large sums of money to withdraw the complaints. The PIL seeks constitution of a special investigation team to probe the alleged racket, restoration of accounts suspended without human review, mandatory human verification before permanent action is taken on copyright complaints, disclosure of complainants' identities, and a fast-track grievance mechanism for complaints involving extortion or fraud.

The matter is scheduled for further hearing on September 21.

Happiest Minds shrugs off jitters despite macro gloom

AVIK DAS
Bengaluru, 28 July

Mid-tier information technology services company Happiest Minds Technologies said it is confident of maintaining its growth guidance for financial year 2027 (FY27) despite mixed macroeconomic conditions, rising geopolitical uncertainty, and larger rivals trimming their growth forecasts.

The company expects to grow 12.5 per cent this year, broadly in line with the 12.3 per cent growth it recorded last year, but well below the 24.2 per cent growth it posted two years ago.

"I think that whatever assumptions we had made when we gave our guidance should hold," Joseph Anantharaju, (*pictured*) co-chairman and chief executive officer, told *Business Standard*.

While the demand environment continues to remain "mixed", there are enough reasons for clients to be concerned and start looking at changes. "The geopolitical situation is increasing the level of uncertainty. Then there is the crude oil price and inflation. The concern is that if this continues for too long, some customers might just say they are taking too much risk," Anantharaju said. Despite this, clients are not pulling back on spending at a broad level.

The company's net profit rose 18.3 per cent to ₹67.6 crore in the first quarter ended June 30 of FY27, while revenue increased 14.3 per cent to ₹629 crore, driven by its banking, financial services and insurance, and healthcare businesses.

Coforge Q1 net up 63.7%

AVIK DAS
Bengaluru, 28 July

Coforge's net profit for the first quarter of financial year 2027 (FY27) rose 63.7 per cent year-on-year (Y-o-Y) to ₹519 crore from ₹317 crore in the same quarter last year. Sequentially, net profit fell 15 per cent from ₹666.2 crore.

Revenue for the quarter grew 49 per cent Y-o-Y to ₹5,527 crore, helped mainly by the healthcare and insurance businesses, which grew 11.6 per cent and 4.6 per cent, respectively. This is also the first quarter that includes Encora holdings.

The company also said operational integration of Encora had been completed and board also gave in-principle approval for setting up an entity in China as part of its expansion plans.

Total contract value (TCV) during the quarter was $691 million, up 6.5 per cent sequentially, with a near equal split between cost optimisation and AI deals. Four large deals, classified as those with TCV of $20 million and above, were signed across North America, Europe and Latin America.

Pine Labs profit jumps fourfold

Fintech major Pine Labs reported a fourfold jump in consolidated net profit for the first quarter of financial year 2027 (Q1FY27), at ₹19.57 crore, against ₹4.79 crore a year earlier. The company's revenue from operations grew 19.64 per cent to ₹736.92 crore in Q1FY27 from ₹615.91 crore in Q1FY26. Sequentially, it grew 5.2 per cent from ₹700.51 crore in Q4FY26.

Pine Labs' expenses rose 10.7 per cent to ₹728.14 crore in Q1FY27 from ₹657.86 crore in Q1FY26. On a quarter-on-quarter basis, this rose 6.7 per cent from ₹681.92 crore in Q4FY26. AJINKYA KAWALE

> FROM PAGE 1

Top Meta exec summoned over PM post removal

Joel Kaplan, global chief of policy at Meta

The Parliamentary Standing Committee on Communications and Information Technology, chaired by Bharatiya Janata Party MP Nishikant Dubey, has summoned the executives to explain how their platforms implement policies to safeguard digital privacy of women, children and other users. In a post on X, Dubey said the committee would also question the companies on how they ensure compliance with government blocking orders.

The committee, chaired by Bharatiya Janata Party MP Nishikant Dubey, has summoned executives from Meta, X, Snapchat and Google to explain how their platforms implement policies to safeguard the digital privacy of women, children and other users.

In a post on X, Dubey said the committee would also question the companies on how they ensure compliance with government blocking orders. Meta has come under increased government scrutiny recently on multiple issues. Earlier this month, the government asked the company not to roll out its username feature until concerns over potential misuse, were addressed.

निर्देश: गो सेवा आयोग गोशालाओं की व्यवस्था ठीक कराएं, सुधारात्मक सुझाव दें

यूपी के सभी जिलों में बनेंगे मॉडल बायोगैस ग्राम और गोशाला: योगी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर जिले में एक मॉडल गोशाला और एक बायोगैस आधारित मॉडल ग्राम विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को गोवंश संरक्षण के साथ गो-आधारित प्राकृतिक कृषि, जैविक खाद, स्वच्छ ऊर्जा तथा ग्रामीण आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयोग गोशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करे। उन्होंने प्रदेश में संचालित गोशालाओं के प्रबंधन, गोवंश संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, गोबर आधारित जैव ऊर्जा तथा गो-आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग का प्राथमिक दायित्व प्रदेश की गोशालाओं की समुचित व्यवस्था, गोवंश के संरक्षण एवं उनके गुणवत्तापूर्ण रख-रखाव को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करना है। बैठक में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महेश शुक्ल समेत सदस्य राजेश सिंह सेंगर, रमाकांत उपाध्याय एवं दीपक गोयल भी मौजूद थे।

लखनऊ में मंगलवार को उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देते पदाधिकारी।

मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा की बधाई दी

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु पूजन का पवित्र पर्व है। सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की सुदीर्घ एवं गौरवशाली परम्परा रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजनों के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर साधु-संतों और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

निर्णय: एमडीएम में सूजी का हलवा भी मिलेगा

लखनऊ। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण प्रबंधकारिणी की बैठक में एमडीएम में बच्चों को प्रत्येक शुक्रवार सूजी का हलवा दिए जाने का भी निर्णय किया गया। विद्यार्थियों के पोषण स्तर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बैठक में पीएम पोषण योजना से आच्छादित सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत अक्तूबर 2026 से जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार सभी विद्यार्थियों को सूजी का हलवा प्रदान किया जाएगा।

मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के तहत कार्यरत सिस्टम एनालिस्ट, मंडल एवं जिला समन्वयक तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि इन कार्मिकों के मानदेय में वर्ष 2016 के बाद पहली बार वृद्धि की गई है।

टीजीटी भर्ती : एडेड कॉलेजों को मिले 2982 नए शिक्षक

- 15 विषयों में से 14 विषयों का अंतिम परिणाम जारी
- 557 पदों का रिजल्ट कोर्ट के फैसले के बाद आएगा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती के 14 विषयों का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया है। इससे प्रदेश के एडेड कॉलेजों को 2,982 शिक्षक मिलेंगे।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 15 विषयों के कुल 3,539 पदों के लिए लिखित परीक्षा 3 और 4 जून को आयोजित की गई थी। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली-1998 के नियम 12(8) के तहत हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, कृषि, संगीत गायन, संगीत वादन, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, संस्कृत, वाणिज्य और कला विषय का परिणाम जारी किया गया है।

संभल में मकान की छत गिरने से ताई-भतीजी की मौत, 6 घायल

हादसा

संभल। कैला देवी थाना क्षेत्र के चंदन कटी मौजा गांव में मंगलवार सुबह बरसात में एक जर्जर मकान की छत भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से मासूम बच्ची दीपांशी और उसकी ताई नंदकली उर्फ सूरजमुखी की मौत हो गई, जबकि छह अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

गांव निवासी रामचंद्र के परिवार के 11 सदस्य जर्जर मकान में रहते हैं। मंगलवार को बारिश के मौसम को देखते हुए छत पर पॉलीथिन डाल रहे थे। दोपहर दोनों भाई खाना खाने के लिए नीचे आए। जैसे ही खाना खाने के लिए अन्य परिजनों के साथ बैठे तभी आचनक छत भरभरा कर गिर गई। घर में मौजूद आठ लोग मलबे के नीचे दब गए। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े और राहत कार्य में जुट गए। कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों ने मलबे में दबे लोगों को निकाला और आनन फानन में सीएचसी बहजोई में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दीपांशी को मृत घोषित कर दिया।

प्रदेश 30s

आईजी पीटीएस मुरादाबाद बने जोगेंद्र कुमार

लखनऊ। आईजी होमगार्ड धर्मवीर को आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज, सचिव गृह मोहित गुप्ता को आईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, आईजी डा. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद विनोद कुमार सिंह को आईजी विशेष जांच और पुलिस आयुक्त प्रयागराज कमिश्नरेट जोगेंद्र कुमार को आईजी पीटीएस मुरादाबाद के पद पर नियुक्त किया गया है। शासन ने आईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन आनंद सुरेशराव कुलकर्णी को सचिव गृह, डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध एसपी अनुप कुमार सिंह को एसपी ईओडब्ल्यू और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध एसपी आनंद कुमार को एसपी लोक शिकायत बनाया है।

अनुपूरक बजट 4 अगस्त को आएगा

लखनऊ। यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र में 4 अगस्त को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। सरकार इस अनुपूरक में संकल्प पत्र के वादों को जल्दी पूरा करने के लिए वित्तीय सुस्ती दूर करेगी। अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली परियोजनाओं पर रहने की उम्मीद है। आगले साल प्रस्तावित विधान सभा चुनाव के बीच आने वाले इस अनुपूरक बजट में सरकार उन योजनाओं के लिए और रकम की व्यवस्था करेगी, जिनसे जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

अगस्त में बिजली का बिल 2.92% कम आएगा

लखनऊ। अगस्त में उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 2.92% की रियायत मिलेगी। यानी, बिजली बिल वास्तविक बिल की तुलना में 2.92% घटकर आएगा। जुलाई के बाद यह लगातार दूसरा महीना होगा जब ईंधन अधिभार शुल्क में कमी होगी। जुलाई में 4.43% कमी हुई थी। इस साल जून में बिजली बिल में 10% अतिरिक्त वसूली की गई थी। इस मसले पर चौतरफा हंगामे के बाद नियामक आयोग ने मामले का परीक्षण करते हुए पाया था कि पावर कार्पोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क की गणना गलत की थी।

सीर से भाजपा के समरसता संकल्प अभियान का आगाज

वाराणसी। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा ने मंगलवार को सीरगोवर्धनपुर से राष्ट्रस्तरीय 'समरसता संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। सुबह रविदास स्मारक स्थल पर भाजपा नेताओं और संत-महंतगणों ने प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। जनमस्थली की मिट्टी को 131 कलशों में भरकर रैदासी परंपरा के अनुसार पूजन किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, वित्त एवं संसदीय कार्य और जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना आदि की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई।

हसनपुर में पोती का शव देखकर वृद्धा की मौत, साथ उठीं अर्थी

हसनपुर। हाईकूल की मार्कशीट गुम होने से परेशान होकर सुसाइड करने वाली युवती का शव घर लाने पर सदमे में सोमवार शाम दादी की भी मौत हो गई। एक साथ दो अर्थी उठी तो हर किसी के आंसू छलक पड़े।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सेंमला निवासी नन्हे सिंह की 20 वर्षीया बेटी ललिता चौहान रविवार सुबह अमरोहा में अपने शैक्षणिक दस्तावेज लेकर कम्प्यूटर कोर्स के लिए अमरोहा आवेदन करने गई थी। परिजनों के मुताबिक शाम करीब चार बजे उसने फोन पर हाईस्कूल की मार्कशीट अमरोहा में कहीं खो जाने की बात कही। सोमवार दोपहर ललिता का शव जंगल में बाग में आम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला। पोस्टमार्टम के बाद ललिता का शव घर लाया गया। ललिता का शव देख उसकी 85 वर्षीया दादी क्रांति देवी की भी मौत हो गई।

प्रेमी संग गई महिला चार महीने बाद लौटी, बच्चों का अपनाने से इनकार

वीडियो वायरल

पटवाई, (रामपुर) संवाददाता। थाना पटवाई क्षेत्र के एक गांव में चार महीने पहले अपने पांच मासूम बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ गई महिला चार महीने बाद वापस लौट आई। महिला के घर लौटते ही परिवार में हंगामा हो गया। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसके बच्चे अपनी ही मां को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। हालांकि हिन्दुस्तान अखबार किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

गांव निवासी ग्रामीण ने कुछ माह पहले थाना पटवाई में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 33 वर्षीय पत्नी को थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने महिला को बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेजा था। इसके बाद न्यायालय में महिला के बयान दर्ज कराए गए। न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर महिला अपनी इच्छा से प्रेमी के साथ चली गई थी, जबकि उसके पांचों बच्चे अपने पिता के पास ही रह गए थे। करीब चार महीने बाद सोमवार को महिला वापस अपने पति के घर पहुंच गई। महिला के घर लौटने की सूचना मिलने पर दिल्ली में काम कर रहे उसके पति को भी परिजनों ने इसकी जानकारी दी। इधर, इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में बच्चे अपनी मां को स्वीकार करने से इनकार करते दिख रहे हैं।

महिला ने एसपी को पत्र भेज की कार्रवाई की मांग

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह उसे गांव में मामले को लेकर पंचायत भी बुलाई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद महिला सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि प्रेमी ने उसे बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाए, उसके साथ मारपीट की, धमकियां दीं और उसके रुपये व जेवर भी हड़प लिए। उसने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब महिला अपने पति के साथ दोबारा रहने की इच्छा जता रही है।

जौहर विवि : 10वें दिन छात्रों का धरना समाप्त

सैदनगर। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय पर छात्रों का धरना दसवें दिन समाप्त हो गया। मुरादाबाद कमिश्नर से मिली राहत के बाद छात्रों ने सोमवार देर रात धरना समाप्त करने की घोषणा की। धरना स्थल पर लगाया गया पंडाल भी छात्रों ने हटा दिया और अपने-अपने घरों की ओर चले गए। सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 40 में से 38 भवनों को रामपुर विकास प्राधिकरण ने 15 दिन के अंदर ध्वस्त करने का नोटिस दिया था।

आश्रम में मासूम की मौत, तंत्र क्रिया कर हत्या का आरोप

चन्दौसी की घटना

चन्दौसी। उत्तराखंड के काशीपुर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर स्थित एक आश्रम में दादी के साथ गए छह वर्षीय मासूम की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने आश्रम के साधुओं पर तंत्र क्रिया कर हत्या करने का आरोप लगाया।

आक्रोशित परिजन आश्रम से दो साधुओं को पकड़कर अपने गांव ले आए। एक साधु रास्ते में चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। सूचना पर चन्दौसी, बनियाठेर और मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाने की पुलिस गांव पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी निवासी अर्पित यादव (6) पुत्र सुगर सिंह सोमवार को अपनी दादी वीरवती पत्नी गंगाशरण व पड़ोस की एक महिला के साथ उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र के गांव लालपुर स्थित आश्रम गया था। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह करीब चार बजे वीरवती ने दूसरे मोबाइल नंबर से फोन कर अर्पित के पिता सुगर सिंह को बताया कि बच्चा बेहोश पड़ा है। सूचना मिलते ही सुगर सिंह भाई उमेश कुमार, अवधेश और विद्याराम के साथ लालपुर आश्रम पहुंचे। पिता का आरोप है कि बेटे के हालत देखकर उन्हें आशंका हुई कि उसके साथ तंत्र क्रिया की गई है।

'संभल विवाद में हाईकोर्ट को आगे नहीं बढ़ना चाहिए था'

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को बताया गया कि संभल की एक अदालत द्वारा शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद में सर्वे का आदेश दिए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट को आगे बढ़ना ही नहीं चाहिए था, क्योंकि शीर्ष अदालत के दिसंबर 2024 का आदेश मौजूद था।

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ के समक्ष संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से दायर याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के 19 मई 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने अदालत में दलील दी कि दिसंबर 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए हाईकोर्ट इस मामले में आगे कैसे बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी हाईकोर्ट को विशेष रूप से दी गई थी। इस मामले में दलीलें चार अगस्त को भी जारी रहेंगी।

- संभल विवाद में सर्वे का आदेश देने का मामला

सुप्रीम कोर्ट का यह था आदेश

वरिष्ठ वकील अहमदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर 2024 को दिए गए एक महत्वपूर्ण आदेश में देश की सभी अदालतों को अगले आदेश तक नए मुकदमे दर्ज करने और लंबित मामलों में कोई प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश देने से रोक दिया था। ये मामले खासतौर पर धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों से जुड़े थे।

हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज की थी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की अदालत द्वारा दिए गए सर्वे के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी थी और निचली अदालत के सर्वे के आदेश को बरकरार रखा था।

Enterटेनमेंट masalam

'इंसानियत समझ आ जाए, तो सब ठीक होगा'

Pic: Kaushik Naik

सनी देओल

रेखा खान

जाने -माने अभिनेता सनी देओल का पिता प्रेम किसी से छुपा हुआ नहीं है। पिता धर्मेंद्र के निधन के बाद वे अक्सर पिता को याद करते दिखते हैं। पिछले दिनों अपनी फिल्म इक्का की स्क्रीनिंग पर वे अपने पिता को ट्रिब्यूट देने के लिए उन्हीं के अंदाज में दिखे। हाल ही में एक इवेंट पर वे अपने पिता को याद करते हुए उस वक्त बेहद इमोशनल हो गए, जब फिल्मकार राजकुमार संतोषी ने कहा कि धर्मेंद्र ने आखिरी फिल्म लाहौर 1947 देखी थी। सनी देओल इन दिनों अपनी इसी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। पिता का जिक्र आते ही सनी आंखों से आंसू पोंछते दिखे।

इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं

हमने जब सनी देओल से जानना चाहा कि देश की आजादी के सालों बाद भी धर्म और संप्रदाय आज भी मुद्दा क्यों बना हुआ है, तो इस पर सनी देओल सादगी से जवाब देते हुए बोले, 'इसकी सबसे बड़ी वजह इंसान ही है। और कौन है? यह तभी रुकेगा जब हर इंसान सबसे पहले खुद को इंसान समझेगा। मैं किसी पद में विश्वास नहीं करता, चाहे वह मंत्री हो या पुलिसकर्मी, आखिर वे भी इंसान ही हैं। अगर हर व्यक्ति यह समझ जाए कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत है, तो दुनिया में कुछ भी गलत नहीं होगा।'

मां के इमोशन से प्रेरित

हाल ही में सनी देओल ने अपनी मां प्रकाश कौर के लिए एक बेहद जज्बाती पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में वे अपनी मां के साथ मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा था कि मेरी मां ही मेरी रब है, मेरा ताकत है और हौसला भी। सनी अपनी मॉम के भी काफी क्लोज हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां के साथ -साथ दुनिया की तमाम मांओं को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म राजनीति पर नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों पर आधारित है। खास तौर पर मां और बहनों के रिश्ते इसकी आत्मा हैं। मेरा किरदार कुछ इस तरह है कि मां पर आंच आए, तो वो पूरी दुनिया को तबाह कर देगा। इसी इमोशन के कारण मैं इससे जुड़ा।' फिल्मकार राजकुमार संतोषी और सनी देओल घायल, दामिनी और घातक के लगभग तीस साल के बाद इस फिल्म में साथ आ रहे हैं। यह फिल्म जाने-माने लेखक असगर वजाहत के लिखे चर्चित नाटक, 'जिस लाहौर नहीं वेख्या, वो जनम्याई नहीं' पर आधारित है।

समाज में बुरे ज्यादा दिखते हैं, अच्छे ओझल हो जाते हैं

दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि किसी भी पूरे समुदाय को एक ही नजरिए से देखना या उसके बारे में एक जैसी धारणा बना लेना गलत है। वे बोले, 'यह कहना गलत है कि किसी कम्युनिटी में फलां तरह के लोग होते हैं। इंसानों को लेकर थोक के भाव में फैसला करना गलत है। हर समाज में अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोग होते हैं। बुरे लोग अपनी बुराइयों से ज्यादा दिखते हैं, जबकि अच्छे आदमी की मौजूदगी पता नहीं चलती। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसके दूसरे समुदाय में दोस्त न हों। जब दूसरी कम्युनिटी के आपके दोस्त अच्छे हो सकते हैं, तो फिर पूरी कम्युनिटी को बुरा कैसे कहा जा सकता है? अक्सर लोग उनके बारे में खराब राय बना लेते हैं, जिनसे वे मिले तक नहीं होते। यह बुराई सालों से चली आ रही है, मगर यह सोच सिर्फ बुरी ही नहीं, बेवकूफाना भी है। बुरा कहलाने से शायद उतना फर्क न पड़े, लेकिन अगर कोई आपको बेवकूफ कह दे, तो जरूर बुरा लगेगा।' फिल्म के गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का निधन

दिग्गज एक्टर देव आनंद के बेटे सुनील आनंद अब इस दुनिया में नहीं रहे। 70 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनके परिवार ने मंगलवार, 28 जुलाई को समाचार एजेंसी को इस दुखद खबर की जानकारी दी। परिवार की ओर से देव आनंद की भतीजी जीना नारंग ने एक भावुक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि परिवार गहरे दुख में है और इस मुश्किल समय में लोगों से मिली दुआओं, प्यार और सहयोग के लिए सभी का दिल से आभार व्यक्त करता है। साथ ही उन्होंने सभी से परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील भी की।सुनील आनंद ने अपने फिल्मी करियर में 'आनंद और आनंद' (1984), 'कार थीफ' (1986), 'मैं तेरे लिए' (1988) और 'मास्टर' जैसी फिल्मों में काम किया। बाद में उन्होंने निर्देशन की दुनिया में भी कदम रखा। उनकी पहली निर्देशित फिल्म 'मास्टर' थी, जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। फिलहाल परिवार ने उनके निधन की वजह का खुलासा नहीं किया है।

ताउम्र अविवाहित रहे

सुनील आनंद ने अमेरिका की वॉशिंगटन डीसी स्थित अमेरिकन यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने अपने पिता की तरह फिल्मी दुनिया में करियर बनाने का फैसला किया। साल 1984 में देव आनंद ने बेटे को फिल्म 'आनंद और आनंद' से लॉन्च किया। यह फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी और बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। साल 2011 में देव आनंद के निधन के बाद सुनील आनंद ने नवकेतन फिल्म्स की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, उन्होंने खुद को फिल्मों और लाइमलाइट से दूर रखा और बेहद सादा व शांत जीवन जिया। उन्होंने कभी शादी नहीं की और पूरी जिंदगी अविवाहित रहे।

टॉम की बेटी ने हटाया 'क्रूज़'

टॉम क्रूज और केटी होम्स की बेटी सूरी ने अपने नाम से पिता का सरनेम क्रूज हटा लिया है। कानूनी तौर पर नाम बदलने के बाद अब 20 साल की सूरी का आधिकारिक नाम सूरी नोएल हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बदलाव वोटर रजिस्ट्रेशन के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज है। 'नोएल' केटी होम्स का मिडिल नेम है। सूरी ने पहली बार जून 2024 में अपने हाई स्कूल ग्रेजुएशन के दौरान सार्वजनिक रूप से सूरी नोएल नाम का इस्तेमाल किया था। अब यह बदलाव कानूनी रूप से भी दर्ज हो गया है।

टॉम क्रूज और केटी होम्स के तलाक के बाद से सूरी अपनी मां केटी होम्स के साथ रह रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले कई सालों से टॉम और सूरी के बीच सार्वजनिक रूप से कोई खास संपर्क नहीं है। टॉम और केटी की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

JR NTR के कंधे में चोट

जूनियर NTR एक फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं। उनकी टीम ने बताया कि उनके कंधे में चोट लगी है। इस चोट के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह ठीक होने के लिए 6 से 8 हफ्ते तक पूरा आराम करने की सलाह दी है। टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि आज जूनियर NTR के कंधे में चोट लग गई।'